राजस्थान पुलिस अकादमी में समारोहपूर्वक मनाया गणतन्त्र दिवस समारोह

''आंधियों से कह दो अपनी औकात में रहे, हम वो पीले पत्ते नहीं जो झड जाऐंगें'' यह उद्‌गार श्री राजीव दासोत, निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी ने 68वें गणतन्त्र दिवस पर व्यक्त किये तथा इनको सार्थक किया राजस्थान पुलिस अकादमी के प्रशिक्षकों तथा प्रशिक्षुओं की टोलियों ने, जिन्होने विपरीत मौसम में शानदार परेड का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर श्री दासोत ने अकादमी के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों तथा प्रशिक्षुओं को आत्मावलोकन करने तथा अकादमी को नई उँचाइयों पर ले जाने का आवह्‌न किया। उन्होने पिछले कुछ समय से अकादमी द्वारा अर्जित उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बेहतर को और बेहतर बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए सभी को प्रेरित किया। उन्होने गणतन्त्र दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि बताते हुए 1930 से 1950 तक के संविधान के सफर की जानकारी दी साथ ही भारत की एकता एवं अखण्डता को बनाये रखने के लिए अपने कर्तव्य का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण से करने हेतु सभी को प्रेरित किया।

इस अवसर पर निदेशक महोदय ने 2 जनवरी से 10 जनवरी तक छच| हैदराबाद में आयोजित **अखिल भारतीय पुलिस घुड़सवारी प्रतियोगिता** में 4 स्वर्ण तथा एक कांस्य पदक सहित **सर्वश्रेष्ठ घुड़सवार** का पुरस्कार जीतने वाले **श्री भागचंद कानि. नं. 1278** को प्रशंसा पत्र एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

गणतन्त्र दिवस की पूर्व संध्या पर अकादमी के ऑडिटोरियम में एक सांस्कृतिक समारोह आयोजित किया गया जिसमें नव सर्जित लंगा–मांगणियार बैण्ड ने शानदार प्रस्तुतियां दी। यही बैण्ड 28 जनवरी को रणथम्भोर उत्सव में अपनी प्रस्तुति देगा।